**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1144**
********
**गुरूवार, 8 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन का संचालन**

**1144. श्रीमती डिम्पल यादवः**
**श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः**
**डॉ. जयंत कुमार रायः**
**श्री राजा अमरेश्वर नाईकः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन, अयोध्याधाम का संचालन शुरू कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने अयोध्या में अन्य बुनियादी ढांचे का काम किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) और (ख): महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए एयरोड्रोम लाइसेंस, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा दिनांक 14.12.2023 को जारी किया गया था। इस हवाईअड्डे का उद्घाटन दिनांक 30.12.2023 को किया गया और वहाँ से पहली अनुसूचित उड़ान का परिचालन भी उसी दिन किया गया।

(ग): हवाईअड्डे पर 350.00 करोड़ (लगभग) रुपए की लागत से टर्मिनल भवन, पेवमेंट का निर्माण, ग्रेडिंग और अन्य अनुषंगी कार्य, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा किया गया है।

******